आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 19.03.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 33 हजार 660 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक सौ प्लग–एंड–प्ले औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना को मंजूरी दी।
- केंद्र ने राज्यों को व्यावसायिक एलपीजी का अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन दिया। प्रदेश में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों का जिलावार आवंटन शुरू।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– थारू समाज की सांस्कृतिक परंपराएं उत्तराखंड की पहचान हैं और इनके संरक्षण की जिम्मेदारी सरकार की प्राथमिकता है।
- चैत्र नवरात्रि पर प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना हुआ है।
- **और...** प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला, कई जिलों में बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट।

**मंत्रिमंडल**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 33 हजार 6 सौ 60 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक सौ प्लग–एंड–प्ले औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए भारत औद्योगिक विकास योजना– भव्य को मंजूरी दे दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य विश्व स्तरीय औद्योगिक अवसंरचना विकसित करना, विनिर्माण क्षमता को उजागर करना और देश के विकास को गति देना है। श्री वैष्णव ने बताया कि आज मंत्रिमंडल की बैठक में चार बडे फैसले लिए गए।

मंत्रीमंडल ने 2026–27 से 2030–31 की अवधि के लिए लघु जल विद्युत विकास योजना को भी मंजूरी दी।

कच्चा तेल आपूर्ति

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि कच्चे तेल की उपलब्धता सामान्य है और तेल शोधक संयंत्र पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को व्यावसायिक एलपीजी का अतिरिक्त 10 प्रतिशत आवंटन दिया है।

प्रदेश में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडरों के वितरण को सुव्यवस्थित करने के लिए जारी एसओपी के लागू होने के बाद तेल कंपनियों ने जिलावार आवंटन शुरू कर दिया है। नई व्यवस्था के तहत गैस एजेंसियों को उनके पास उपलब्ध व्यावसायिक कनेक्शनों की संख्या के अनुसार सिलेंडर दिए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और जरूरत के मुताबिक आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

खाद्य अपर आयुक्त पी.एस. पांगती के अनुसार राज्य में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने बताया कि एसओपी के तहत होटल, रेस्टोरेंट, होमस्टे, अस्पताल और फार्मास्यूटिकल इकाइयों को उनकी दैनिक जरूरत के अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे।

राज्य में वर्तमान में 63 हजार 054 व्यावसायिक गैस कनेक्शन हैं, जिनकी आपूर्ति 3 सौ 11 गैस एजेंसियों के माध्यम से की जाती है।

**थारू माहमहोत्सव**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि थारू समाज की सांस्कृतिक परंपराएं उत्तराखंड की पहचान हैं और इनके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सभी की है। वे खटीमा में आयोजित थारू होली महामहोत्सव को वर्चुअल माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को नमन करते हुए कहा कि थारू समाज के रीति–रिवाज, लोकगीत, पारंपरिक नृत्य और प्रकृति के प्रति उनका जुड़ाव राज्य की अमूल्य धरोहर हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ–साथ नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय समाज की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। वन धन केंद्रों के माध्यम से उत्पादों को बाजार से जोड़कर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**मंत्री गणेश जोशी**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के मसूरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं, ताकि आम जनता को इन योजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार "जन–जन की सरकार, जन के द्वार" के ध्येय वाक्य के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव–गांव तक सड़क, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**नवरात्रि**

आज से चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। प्रथम दिवस पर पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना हुआ है। नवरात्रि के पहले दिन मां मां शैलपुत्री की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की जा रही है। इस दिन कलश स्थापना के पश्चात अगले नौ दिनों तक मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु व्रत रखने के साथ ही विधि–विधान से मां की आराधना करते हैं।

राज्य के प्रमुख शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में कलश स्थापना, दुर्गा सप्तशती पाठ और विशेष आरती का आयोजन किया जा रहा है। टिहरी की सुरकंडा देवी, नैनीताल की नैना देवी, टिहरी की चंद्रबदनी देवी, और टनकपुर की पूर्णागिरि देवी, हरिद्वार की मनसा देवी व चंडी देवी तथा अल्मोड़ा की कसार देवी और देहरादून की डाट काली सहित कई मंदिरों में सुबह से ही मां के दर्शन और आरती के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी जा रही हैं।

नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसरों में सुरक्षा, पेयजल और स्वच्छता के विशेष प्रबंध किए गए हैं। कई स्थानों पर स्थानीय महिलाओं और युवाओं द्वारा भजन–कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को नव संवत्सर और चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व शक्ति की उपासना का प्रतीक होने के साथ ही भारतीय संस्कृति की महान परंपरा को दर्शाता है और समाज में नारी के महत्व एवं सामर्थ्य को रेखांकित करता है।

**मौसम**

राजधानी देहरादून में आज सुबह कई स्थानों पर हल्की बारिश हुई, जबकि प्रदेश के विभिन्न इलाकों में बादल छाए हुए हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आज हरिद्वार, उधम सिंह नगर, टिहरी, देहरादून, पौड़ी, नैनीताल और चंपावत जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि शेष जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

इस अवधि के दौरान राज्य के अनेक स्थानों पर झोंकेदार हवाएं चलने, ओलावृष्टि और कहीं–कहीं भारी बारिश होने का अनुमान है।

विभाग के अनुसार राज्य में 21 मार्च तक बारिश का सिलसिला जारी रहने के आसार हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

इजरायल ने युद्ध में पहली बार ऊर्जा ठिकाने को बनाया निशाना– इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– ईरान में दुनिया के सबसे बड़े गैस फील्ड पर हमला।

पंजीकरण से छंटेंगे गैर सनातनी– इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण लिखता है– बदरीनाथ–केदारनाथ में गैर सनातनियों का प्रवेश रोकने के लिए यात्रा पंजीकरण से ही छंटनी की जाएगी।

दिल्ली में एक इमारत में लगी आग को सभी समाचार पत्रों ने स–चित्र प्रकाशित किया है। इस खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है– चार मंजिला इमारत में आग, एक परिवार के 3 बच्चों समेत 9 की मौत

हवाई यात्रा पर नवोदय टाइम्स की सुर्खी है– 60 फीसद सीटों का आवंटन बिना अतिरिक्त शुल्क करें एयरलाइंस